प्रेस नोट संख्या- 18

दिनांक- 10.10.2026

सराहनीय कार्य थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व स्वाट/सर्विलांस टीम

"ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत 03 चोरियों का खुलासा, चोरी के 22 बण्डल तार, 80 हजार रुपये नगद, चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन व चोरी करने के विभिन्न उपकरणों के साथ 07 अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत दिनांक 10.10.2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर पिकअप संख्या UP44CT9539 पर **सवार 07 अभियुक्तों** 1.शिवपूजन निषाद पुत्र बृजलाल निषाद निवासी ग्राम बाबू का पुरवा मजरे मुड़वा थाना धनपतगंज जिला सुलतानपुर उम्र करीब 27 वर्ष, 2.सुशील निषाद पुत्र राम सुरेश निषाद निवासी ग्राम गोपीनाथपुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 24 वर्ष, 3.प्रेमलाल निषाद पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी हाल पता ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर व स्थायी पता ग्राम चुनहा थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 45 वर्ष, 4.अनिल निषाद पुत्र फूलचन्द्र निषाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 22 वर्ष, 5.विश्राम निषाद उर्फ किन्ने पुत्र हौशिला प्रसाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 33 वर्ष, 6.कौशलदीप निषाद पुत्र सुरेश कुमार निषाद निवासी हाल पता बाबू का पुरवा मजरे मुड़वा थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर स्थायी पता ग्राम भूलीनगर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष, 7.राजेश निषाद पुत्र उदयराज निषाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की तलाशी से 80 हजार रूपये नगद व पिकअप की तलाशी से चोरी के 22 बण्डल तार, चोरी करने के विभिन्न उपकरण प्लास, तार कटर, आरी ब्लेड, पेचकस, छेनी, रिंच आदि बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि शिवपूजन निषाद की बहन का घर थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अन्तर्गत ग्राम भूली नगर में हैं, जहां वह दो-तीन महीने पहले आया था तथा नेवादा सोलर प्लांट को देखकर गया था और अपने साथियों को सोलर प्लांट के बारे में बताया था। उसके बाद सभी अभियुक्तों ने करीब एक माह पूर्व सोलर प्लांट, उसकी सुरक्षा व रास्तों की जानकारी करने के उपरान्त योजना बनाकर बरामद उपरोक्त पिकअप वाहन से दिनांक 29.09.2026 को रात्रि में सोलर प्लांट के तार काटकर चोरी कर ले गये थे। तार के प्लास्टिक को जलाकर निकले हुए तांबे के तार को घूम-फिर कर कबाड़ खरीदने वाले कबाड़ी को 80 हजार रुपये में बेच दिये थे। दिनांक 02.10.2026 को पुनः सभी अभियुक्तों ने मिलकर नेवादा सोलर प्लांट से तार चोरी करके खेत में छिपा दिया था। आज पुनः सभी अभियुक्त चोरी करने की नीयत से इकट्ठा हुए थे किन्तु पुलिस की हलचल देखकर चोरी न करके पहले से चोरी करके छिपाए तार को लेकर भागने की फिराक में थे। इसके अतिरिक्त माह मार्च में थाना जामो अन्तर्गत जामो-वारिसगंज मार्ग पर लगे ट्रांसफासर्मर से बाइंडिंग तार चोरी करके उठा ले गये थे, ट्रांसफार्मर का तेल वहीं मौके पर ही गिर गया था। चोरी के तार को 27 हजार रुपये में घूमने वाले कबाड़ी को बेच दिया था। उक्त चोरियों के संबंध में संबंधित थानों पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. शिवपूजन निषाद पुत्र बृजलाल निषाद निवासी ग्राम बाबु का पुरवा मजरे मुड़वा थाना धनपतगंज जिला सुलतानपुर उम्र करीब 27 वर्ष।
2. सुशील निषाद पुत्र राम सुरेश निषाद निवासी ग्राम गोपीनाथ पुर थाना चांदा जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 24 वर्ष।
3. प्रेमलाल निषाद पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी हाल पता ककरवारपुर थाना मोतिगर पुर जनपद सुलतानपुर व स्थायी पता ग्राम चुनहा थाना कोतवाली नगर जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 45 वर्ष
4. अनिल निषाद पुत्र फूलचन्द्र निषाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगर पुर जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 22 वर्ष।

5. विश्राम निषाद उर्फ किन्ने पुत्र हौशिला प्रसाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगर पुर जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 33 वर्ष।
6. कौशलदीप निषाद पुत्र सुरेश कुमार निषाद निवासी हाल पता बाबु का पुरवा मजरे मुड़वा थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर स्थायी पता ग्राम भूलीनगर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जिला अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।
7. राजेश निषाद पुत्र उदयराज निषाद निवासी ग्राम ककरवारपुर थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानननपुर उम्र करीब 25 वर्ष।

बरामदगी-

- चोरी का 22 बण्डल तार
- चोरी के तार बिक्री के 80,000/- रुपये नकद
- चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप रजि0 नं0 UP44CT9539
- चोरी करने के विभिन्न उपकरण प्लास, तार कटर, आरी ब्लेड, पेचकस, छेनी, 11 रिंच आदि

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

1. मु0अ0सं0 153/26 धारा 303(5), 324(5), 317(2), 3(5) बीएनएस थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 155/26 धारा 303(5), 324(5), 317(2), 3(5) बीएनएस थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 63/26 धारा 136 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना जामो जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक-

1. उ0नि0 अंजीत सिंह यादव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 बृजेश कुमार यादव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 विनय कुमार गौतम थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
4. हे0का0 राघवेन्द्र यादव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
5. का0 सौरभ वर्मा थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
6. का0 मनीष पाल थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।
7. का0 गौरव सचान थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी।

स्वाट/सर्विलांस टीम-

1. उ0नि0 श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।
2. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम जनपद अमेठी।
3. का0 शिवराम बिन्द स्वाट टीम जनपद अमेठी।
4. का0 जयहिन्द यादव स्वाट टीम जनपद अमेठी।
5. का0 सिकन्दर खान स्वाट टीम जनपद अमेठी।
6. का0 मनीष सर्विलांस सेल जनपद अमेठी।

अभियुक्त विश्राम निषाद उर्फ किन्ने का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 17/15 धारा 63 आबकारी अधिनियम थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर।
2. मु0अ0सं0 34/17 धारा 304, 308, 323, 34, 504, 506 भादवि थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर।
3. मु0अ0सं0 192/20 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर।

नोट- उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।